



# कम भाव मिलने से सोयाबीन उत्पादक मायूस

## मंडी में नए सोयाबीन का भाव 3600 तक रुपये मिल रहा, किसानों को समर्थन मूल्य पर खरीदी का इंतजार

- समर्थन मूल्य पर 25 से शुरू होगी पंजीयन प्रक्रिया
- मौसम की मार से प्रभावित हुई फसल को नहीं मिल रहे भाव

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 सितंबर. मंडी में नए सोयाबीन की आवक हुए एक सप्ताह से अधिक हो गया, लेकिन अब तक मिल रहे भावों को देखते हुए किसानों के चेहरों पर मायूसी बनी हुई है. नए सोयाबीन का अधिकतम भाव 3600 रुपए क्विंटल तक ही मिल रहा है, जिससे उनकी लागत निकलना भी मुश्किल हो रहा है. उन्हें अब समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू होने का इंतजार है. हालांकि प्रशासनिक तैयारियों को देखकर लगता नहीं है कि जिले में पंजीयन व खरीदी कार्य निर्धारित समय पर प्रारंभ हो सकेगा.**

बीते सप्ताह से कृषि उपज मंडी में नया सोयाबीन आना शुरू हो गया है, लेकिन दाम बहुत कम मिल रहे हैं. सोयाबीन की खरीदी समर्थन मूल्य पर भी की जानी है, लेकिन अभी तक पंजीयन शुरू नहीं हुए हैं. इधर पिछले एक सप्ताह से रुक-रुक कर हो रही वर्षा के कारण पककर खड़ी फसल में नमी होने के कारण हार्वेस्टर नहीं चल पा रहे हैं, वहीं मजदूर भी कटाई के लिए नहीं मिल रहे है. नपतीजतन खेत में उपज अंकुरित होने का भी खतरा बना हुआ है. ऐसे में दोहरा नुकसान किसानों को हो रहा है.किसान पंजीयन व समर्थन मूल्य पर शीघ्र सोयाबीन खरीदी की मांग कर रहे हैं.



**सीहोर.** इन दिनों मंडी में आ रहे सोयाबीन में नमी होने के कारण भाव कम मिल रहे हैं.

सोयाबीन के लिए पंजीयन 25 सितंबर से 20 अक्टूबर तक होना है, जो अभी शुरू नहीं हुए हैं. पंजीयन कराने वाले किसानों को वर्ष 2025-26 के लिए सरकार द्वारा सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपये प्रति कुंटल निर्धारित है, लेकिन खरीदी में अभी समय लग सकता है, क्योंकि पहले पंजीयन होंगे, फिर केन्द्रों की स्थापना की जाएगी और इसके लिए अभी समय लगेगा. जबकि किसानों को रबी सीजन की बोवनी के लिए रुपयों की जरूरत अभी है और वह फसल की थ्रेसिंग कर सीधे मंडी पहुंच रहे हैं. नए सोयाबीन के दाम 2500 से 3600 रुपए क्विंटल ही मिल रहे हैं. यदि समर्थन मूल्य पर जल्द खरीदी शुरू नहीं हुई, तो किसान कम दामों में ही मंडी में सोयाबीन बेचने मजबूर होंगे.

फिलहाल जिले के किसान समर्थन मूल्य पर खरीदी होने के इंतजार में हैं. यही कारण है कि मंडी में इन दिनों नए सोयाबीन की आवक अपेक्षा से कम हो रही है. मंगलवार को मंडी में लगभग 400 क्विंटल नया सोयाबीन बिकने आया था जिसका अधिकतम भाव 3600 रुपए तक रहा, जबकि पुराने सोयाबीन का दाम 4400 रुपए तक देखा गया.

### सरकार का किसान की कमाई पर डाका : हरपाल

आष्टा. किसान की सोयाबीन की फसल का भाव 3000 रुपए प्रति क्विंटल मिलने पर अखिल भारतीय कांग्रेस सदस्य हरपाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के समय 2013-14 में किसान के सोयाबीन का समर्थन मूल्य 2560 रुपए प्रति क्विंटल था तब किसान को सोयाबीन कृषि मंडी में 4000 से लेकर 5000 प्रति क्विंटल भाव मिलता था तो आज केंद्र की मोदी सरकार ने सोयाबीन का समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है तो फिर आज 3000 रुपए प्रति क्विंटल क्यों खरीदा जा रहा है. ठाकुर ने कहा है कि जिस कांग्रेस को आप चोर कहते थे, उसके समय सोयाबीन का समर्थन मूल्य13-14 में 2560 रुपए प्रति क्विंटल होने पर किसान को सोयाबीन का भाव मंडी में 4 हजार से 5 हजार रुपए मिलता था. 10 वर्ष बाद जब आपकी सरकार ने उनका समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल घोषित किया है तो फिर किसान को सोयाबीन का भाव मंडी में 3000 रुपए क्यों मिल रहा है. इसका जिम्मेदार कौन है. हरपाल ठाकुर प्रधानमंत्री प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित भाजपा नेताओं से सवाल पूछा कि किसानों को 5328 रुपए प्रति क्विंटल भाव मिलना चाहिए. बीच में कौन लोग है जो किसान की गाड़ी कमाई की चोरी कर रहे हैं और आज सिर्फ किसान 3000 प्रति क्विंटल मिल रहा है. उन्होंने कहा कि 2014 के बाद किसान की फसल की लागत 3 गुना बढ़ गई. खाद तीन गुणा महंगा, बीज एवं कीटनाशक 3 गुना महंगा होने से लागत में से अनुपात में बड़ी है. परंतु केंद्र सरकार एवं प्रदेश भाजपा की नीतियों के कारण आज किसान को सोयाबीन की फसल का भाव 2014 से भी कम मात्रा 3000 प्रति क्विंटल मिल रहा है. परंतु सरकार सिर्फ समर्थन मूल्य बढ़ाकर अपने कर्तव्य का इतिश्री कर रही है, जबकि कांग्रेस ने कभी भी किसान का अनाज समर्थन मूल्य से कम नहीं बिकने दिया है.

### आगे चलकर बढ़ेंगे सोयाबीन के भाव

कृषि उपज मंडी में नए सोयाबीन की आवक शुरू हो गई है, लेकिन वर्षा के चलते उसमें नमी अधिक है, जिससे भाव कम मिल रहा है. इसी कारण किसान भी कम ही सोयाबीन लेकर मंडी पहुंच रहे हैं. मौसम साफ होते ही सोयाबीन की नमी कम होगी और इसके भाव भी बढ़ेंगे.

**नरेंद्र महेश्वरी,** मंडी सचिव

### दो कारों से हो रहा था अवैध शराब परिवहन



**भैरूंदा.** पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में अवैध शराब जप्त करने की कार्यवाही की गई. जिसमें एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है. दो ही मामलों में 124 लीटर देशी विदेशी शराब जप्त की. आरोपी का पूर्व आपराधिक रिकार्ड होने से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही भी की गई. जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर रेहटी रोड़ सौना फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पम्प पर कार को घेराबंदी कर रोका. तलाशी करने पर कार में 81 लीटर शराब अवैध पाई गई. जिसकी कुल कीमत 36 हजार रुपए बताई जाती है. पुलिस द्वारा कार मालिक की तलाश की जा रही है. इसी प्रकार एक अन्य मामले में तिलाड़िया रोड़ पर कार में एक व्यक्ति अवैध रुप से शराब लेकर जा रहा था. पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संतोष राजपूत पिता श्रीराम राजपूत बताया. जप्त कार में 43 लीटर अवैध शराब रखी पाई गई. जिसकी अनुमानित कीमत 41 हजार रुपए बताई गई. आरोपी को गिरफ्तार कर कार्यवाही की गई. इस कार्यवाही में उप निरीक्षक राजेश यादव, धर्मेन्द्र गुर्जर, दिनेश जाट, सतेन्द्र दौहरे, प्रकाश नर्रे, नीलेश की भूमिका रही.

### एक नजर में



### सेवा पखवाड़े में नगर परिषद ने चलाया स्वच्छता अभियान

**बुधनी.** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत स्वच्छता रूपांतरण इकाई के के लिए श्रमदान किया गया. इस दौरान वार्ड क्रमांक 6, वन परिक्षेत्र कार्यालय के पास नगर परिषद ने कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने मिलकर सफाई अभियान शुरू कर प्लास्टिक और गीले कचरे को अलग-अलग एकत्र कर सूखा कचरा निस्तारण के लिए भेजा गया और गीला कचरा खाद बनाने के लिए गड्ढों में डाला गया. इसके बाद क्षेत्र में चूना, फिनाइल और ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया एवं इसी के साथ स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर अर्जुन मालवीय, सीएमओ श्री रघुवंशी, सत्येंद्र जाट, विनोद शिवहरे, धीरेंद्र तिवारी व अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं टीम ने मिलकर पौधारोपण किया. शहर को स्वच्छ एवं हराभरा रखने का संकल्प लिया.



### सौमश्री जैन ने पूर्ण किया संथारा व्रत, समाजजनों ने दी विदाई

**आष्टा.** मानव जीवन का परम लक्ष्य आत्मा की शुद्धि और मोक्ष की प्राप्ति माना गया है. जैन परंपरा में संथारा व्रत सल्लेखना को इसी मोक्षमार्ग की अंतिम साधना कहा गया है. मंगलवार को नगर ने ऐसी ही एक महान साध्वी प्रवृत्ति ने साक्षात्कार किया. अरिहंतपुरम निवासी महेंद्र कुमार एवं निर्मल कुमार जैन की माता सौमश्री बाई जैन ने गृहस्थ जीवन को त्यागमय और धर्ममय बनाते हुए 10 प्रतिमा व्रत धारण कर आज संथारा व्रत पूर्ण किया. नगर में मुनिराज सजग सागर एवं सानंद सागर महाराज के सान्निध्य में माताजी ने आत्मिक शुद्धि और त्याग के साथ संथारा साधना का पालन किया. किला मंदिर में उनके विशुद्ध परिणामों के साथ समाधि दी गई. जैन समाज एवं नगरवासियों ने माता जी को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन सभी के लिए आदर्श हैं. समाज ने एक त्यागमयी साध्वी को विदा किया है.




### नपाध्यक्ष राठौर ने दिलाया पौधों के संरक्षण का संकल्प

**सीहोर.** स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत कार्यालय अधीक्षक डाकघर द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर द्वारा किया गया. इस दौरान प्रधान डाक एवं संभागीय कार्यालय के समस्त कर्मचारी, अभिकर्ता एवं डाक विभाग के रिटायर्ड कर्मचारी उपस्थित थे. अधीक्षक डाकघर एमएल मालवीय, सहायक अधीक्षक डाकघर अश्विनी देशराज द्वारा नपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम में उपस्थित आमजनों को डाक विभाग की योजनाओं से अवगत किया गया. नपाध्यक्ष श्री राठौर ने भी नपा की योजनाओं एवं भविष्य में होने वाले कार्यों से सभी को अवगत कराया. साथ ही डाक विभाग के माध्यम से आमजन को दी जाने वाली योजनाओं की सराहना भी की. अंत में उन्होंने पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई.




### प्रतियोगिता में 50 खिलाड़ियों ने हासिल किए कलर बेल्ट

**सीहोर.** मास्टर आफ ताओ कराटे एसोसिएशन के तत्वाधान में कराटे कलर बेल्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. किरीब 70 से अधिक बच्चों ने भाग किया. इसमें 50 बच्चे सफल रहे इन्हें पुरस्कृत किया गया. निर्णायक की भूमिका विमला ठाकुर, त्रयंबक ठाकुर सहित अन्य ने निभाई. जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव श्रीमती स्वप्नश्री सिंह, सीएसपी अभिनंदना शर्मा ने पुरस्कार वितरण किया. इस मौके पर बालिकाओं ने अपनी कला का प्रदर्शन कर सबका मन मोह लिया. प्रतियोगिता के दौरान कलर बेल्ट हासिल करने वालों में सोहनी सिसोदिया, मृदुल सिसोदिया, अनुराग मेवाड़ा, ध्रुव इटावदिया, पायल बागवान, राखी परमार और उजेर खान आदि शामिल थे.



### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया निरीक्षण

**सीहोर.** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण किया. निरीक्षण के दौरान उन्होंने ईवीएम मशीनों के रखरखाव, सुरक्षा व्यवस्था और प्रबंधन संबंधी विभिन्न पहलुओं की जानकारी ली. इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बालागुरू के तथा अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी वृंदावन सिंह, एसडीएम तन्मय वर्मा सहित अनेक संबंधित अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे.

### आज तिरुपति रवाना होगी विशेष ट्रेन

**बुधनी.** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के तहत तिरुपति तीर्थ यात्रा के लिए 24 सितंबर को विशेष ट्रेन बुधनी बोर्डिंग स्टेशन से रवाना होगी. तिरुपति यात्रा 29 सितंबर तक की है. चयनित तीर्थ बुधनी रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे और बुधनी रेलवे स्टेशन से तीर्थ यात्रा के लिए प्रस्थान करेंगे. कलेक्टर बालागुरू के ने सभी नपा, नगर परिषद एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्र के तीर्थ यात्रियों को निर्धारित समय पर जनपद कार्यालय में एकत्रित कर रेलवे स्टेशन भिजवाने की व्यवस्था करें. तीर्थ यात्रा के दौरान यदि कोई यात्री विशेष सुविधाओं का लाभ प्राप्त करता है, तो वह व्यय यात्री स्वयं वहन करेगा. यात्रियों से अपेक्षा की गई है कि वे आधार कार्ड अनिवार्य रूप से रखें.

# विरोध दरकिनार, पंजीयक कार्यालय में चालक का राज बरकरार

- फिर गर्माई पंजीयक कार्यालय में चालक की मौजूदगी
- वेंडरों ने लगाया था चालक पर दबाव बनाने का आरोप

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 सितंबर.** एक बार फिर जिला पंजीयक कार्यालय की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवालों ने प्रशासन की साख को दांव पर लगा दिया है. वेंडरों के आरोपों को दरकिनार कर जिला पंजीयक के कक्ष में कथित ड्राइवर के बार-बार आकर बैठने और वेंडरों को फोन कर रजिस्ट्री में कमियां बताते हुए उनसे पैसे वसूली व मिलकर काम करने का दबाव बनाने का मामला सामने आया है.

जब मीडिया ने मंगलवार को पुन: वही को व्यक्ति जिला पंजीयक के केबिन में बैठे होने पर जानकारी मांगी तो पंजीयक ने बयान देने से इनकार कर दिया, वहीं जिला पंजीयक ने कहा कि हम बयान नहीं देंगे. जबकि कुछ देर पहले कैमरा दिखते ही वह शख्स जिला पंजीयक कार्यालय से बाहर निकल गया, जिससे संदेह और गहरा रहा है.

उल्लेखनीय है कि जिला पंजीयक का ड्राइवर रवि सोलंकी का नामसुर्खियों में है. वेंडरों का कहना है कि सोलंकी अपने मोबाइल नंबर 9424943537 से काल कर रजिस्ट्री के स्टाम्प-ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन में अलग-अलग तरीकों से हेरफेर करने का दबाव डालता था. कुछ वेंडरों के लाइसेंस पहले ही निरस्त किए जा चुके हैं. सूत्रों की मानें तो जिले में 20 से अधिक वेंडरों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, जिनमें हाल ही में सीहोर के आठ वेंडर लाइसेंस भी शामिल बताए जा रहे हैं. खास बात यह है कि हाल ही में विधायक सुदेश राय तथा सांसद आलोक शर्मा ने पंजीयक की कार्यप्रणाली पर अपनी नाराजगी दर्ज कराई थी.

**जनसंपर्क विभाग ने किया था खंडन जारी, वेंडरों के आरोप**

गत दिनों जिला जनसंपर्क कार्यालय ने उक्त मामले में खबर प्रकाशित होने पर अगले दिन ही खंडन जारी कर कहा था कि समाचार में दिखाए गए फोटो में बैठे व्यक्ति जिला पंजीयक प्रेमनंदन सिंह के ड्राइवर हैं, जो व्यक्तिगत कारणों से (जैसे टिफिन लाने) कार्यालय आते-जाते हैं और वे शासकीय कार्य नहीं करते. जबकि वेंडरों का कहना है कि उक्त ड्राइवर फोन लगाकर रजिस्ट्री में कमियां बताकर अधिक ड्यूटी का क्रेता पर दबाव बनाने की बात कहकर घालमेल के लिए बोला



जाता है. सूत्र यह भी बता रहे हैं कि मुरैना में फर्जी निजी पंजीयक कार्यालय में 25 रजिस्ट्री, जब्त सरकारी दस्तावेज और सील-लगे कागजात को लेकर पहले भी शिकायतें उठ चुकी हैं.

वेंडरों का आरोप है कि उक्त ड्राइवर साझा साज़िश के जरिए क्रेता-वेंडर के बीच मनमानी और कमियों का हवाला देकर रजिस्ट्री में बदलाव करवा कर कमीशन निकालते थे. रवि सोलंकी वेंडर को फोन लगाकर रजिस्ट्री में कमियां बताता है इतना ही नहीं क्रेता-विक्रेता को भी उक्त ड्राइवर ने फोन लगाए थे. यही कारण है कि असहमति या असहयोग के कारण कई वेंडरों के लाइसेंस निलंबित या निरस्त कर दिए हैं.

### शिकायत की जांच शीघ्र कराएंगे

जिला पंजीयक कार्यालय में यदि ड्राइवर कोई गड़बड़ी कर रहा है, तो इसकी जांच कराने के साथ ही मैं निरीक्षण करूंगा. दोष सिद्ध होने पर उक्त व्यक्ति पर कार्रवाई की जाएगी. दोषी व्यक्ति अथवा अधिकारी को हरगिज बख्शा नहीं जाएगा.

**बालागुरू के.**
कलेक्टर, जिला सीहोर

# बढ़ने लगी सलकनपुर देवीधाम पर श्रद्धालुओं की भीड़

- रोपवे और सीढ़ियों से मंदिर पहुंच रहे श्रद्धालु
- मंगलवार को मामूली बारिश से हुआ मौसम सुहावना

**नवभारत न्यूज**

**सलकनपुर 23 सितंबर.** जिले के प्रसिद्ध देवीधाम सलकनपुर में नवरात्रि के द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी की पूजा के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए. आगामी दिनों में और भीड़ बढ़ने के आसार हैं.

मंगलवार को नवरात्रि के द्वितीय दिवस गर्भ गृह को फूलों से सजाया गया गया. देवीधाम सलकनपुर में अमावस्या के बाद द्वितीय दिवस मां ब्रह्मचारिणी की पूजा के साथ के साथ मां



विजयासन के दर्शन लाभ लिए. नवरात्रि में हजारों श्रद्धालुओं ने रोपवे, सीढ़ी मार्ग एवं निजी वाहनों से रोड़ मार्ग द्वारा मंदिर पहुंचकर मां विंध्यवासिनी विजासन के मंदिर में से लेकर संपूर्ण सलकनपुर क्षेत्र मां के जयकारों से गूंजायमान रहा. पैदल यात्रियों भी कनक दंडवत करते हुए माता के दर्शन करने पहुंचे. नवरात्रि के प्रथम दिवस भीड़ में सुस्ती देखी गई. जहां पितृ मोक्ष अमावस्या के दिन सलकनपुर में जाम की स्थिति निर्मित हुई थी. वहीं नवरात्रि के प्रथम दिन सलकनपुर में श्रद्धालुओं की कमी देखी गई. हालांकि मंगलवार को फिर अधिक भीड़ दिखी. मंदिर सूत्रों की मानें तो अब दिन प्रतिदिन भीड़ बढ़ेगी. शारदीय नवरात्रि में लगातार हो रही बारिश ने नवरात्रि के द्वितीय दिवस दोपहर में हल्की फुल्की बारिश देखी गई. हालांकि शाम को बादल छंट गए थे.

प्रशासन द्वारा मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए गए हैं. जिससे श्रद्धालुओं को चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल रूप से मेडिकल सहायता प्रदान की जा रही है. इमरजेंसी सेवाओं के लिए महत्वपूर्ण स्थानों पर एंबुलेंस की व्यवस्था भी की गई है. मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाए गए हैं. इसके साथ ही मंदिर परिसर में कन्ट्रोल रूम भी बनाए गए हैं.

### विश्वविद्यालय में अटल एफडीपी का समापन

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 23 सितंबर.** श्री सत्यसांई विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ डिजाइन द्वारा अटल फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम का समापन किया गया.

कार्यक्रम में प्रतिभागी शिक्षकों और शोधकर्ताओं को इंटीरियर डिजाइन क्षेत्र की नवीनतम प्रवृत्तियों एवं नवाचारों से अवगत कराने में भूमिका निभाई. समापन अवसर पर प्रथम सत्र में वास्तुकार एवं इंटीरियर डिजाइनर राजेश कुमार बोरकर ने अपने व्यावहारिक अनुभवों और विशेषज्ञता से प्रतिभागियों का मार्गदर्शन किया. इसके उपरांत आयोजित गतिविधि ने शिक्षकों को अपनी सीख को आत्मसात कर व्यावहारिक उपयोग की दृष्टि से गहराई प्रदान की. इस अवसर



पर कुलसचिव डॉ. हेमंत शर्मा, डॉ. संजय राठौर, डॉ. विकास पाटीदार तथा सह-समन्वयक आर्क. वलय भावसार सहित विभिन्न विभागों के प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन श्रीमती रुचि चौहान ने किया. जबकि आभार आर्किटेक्ट वलय भावसार ने व्यक्त किया.

### जनसुनवाई में आवेदकों ने बताईं समस्याएं

**सीहोर.** मगलवार को जनसुनवाई आयोजित की गई. जिसमें अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने नागरिकों से चर्चा कर समस्याएं जानी और अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए. जनसुनवाई में जिलेभर से आए 48 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए. जनपद कार्यालयों एवं ग्राम पंचायतों में भी जनसुनवाई आयोजित की गई. जिसमें अधिकांश आवेदन भूमि विवाद, नामांतरण, बंटवारा, आपसी विवाद, मेढ.-रास्ता, बीपीएल कार्ड, वृद्धावस्था पेंशन, आर्थिक सहायता, मुआवजा से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए. इस दौरान संयुक्त कलेक्टर सुश्री वंदना राजपूत, एसडीएम तन्मय वर्मा आदि उपस्थित थे.

**आंदोलन** — कांग्रेस का वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर अभियान शुरू, सौंपा मांगपत्र

# सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी जिला कांग्रेस

**नवभारत न्यूज**

**बिलकीसगंज 23 सितंबर.** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक आयोजित की गई.ब्लॉक अध्यक्ष मनोज परमार ने बताया कि बैठक में संगठन व आगामी गतिविधियो को लेकर चर्चा की गई.

बैठक में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, प्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल, सहप्रभारी दिनेश मेघानी शामिल हुए. बैठक में निर्णय लिया गया कि हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कांग्रेस का प्रतिनिधि कार्यकर्ता घर-घर जाकर चुनाव में वोट चोरी, जिले में खाद की कमी, पर्याप्त बीमा राशि, खराब फसल के सर्वे कर मुआवजा देने, सोयाबीन छ: हजार रुपए प्रति क्विंटल, स्मार्ट मीटर में हो रही अनिमितता, बिजली के दाम और किसानों पर बनाए जा रहे झूठे प्रकरण के विरोध में आम जनता और किसानों के हस्ताक्षर कराएंगे. वोट चोर गड्डी छोड़ हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से कांग्रेस आमजनता के बीच में जाकर भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करेगी.

इस अवसर पर महंगी बिजली, स्मार्ट मीटर में हो रही अनियमितताओं के विरोध में कांग्रेस ने बिलकिसगंज डीसी पर पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल के नेतृत्व एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती की उपस्थिति में



मांग पत्र सौंपा गया. इस अवसर पर दौलत सिंह दरबार, नारायण सिंह पटेल, पर्वत सिंह, नरेश मेवाड़ा, गुलशन परमार, अक्षय परमार, राधेश्याम, मुकेश गौड़, सीताराम राठौड़, हरि चरण, धनबाद, हेमंत वर्मा, नरेंद्र परमार, धनपाल वर्मा,अमर सिंह परमार, राधेश्याम वर्मा, रामचरण मेवाड़ा, विनोद परमार, हेमराज कुशवाह,राहुल त्यागी, राजेश मालवीय आदि उपस्थित थे.

### पदयात्रियों का सत्कार करने लगे सेवा पंडाल

**शाहगंज.** मां विजयासन धाम सलकनपुर पहुंचने वाले पद-यात्रियों का सैलाब उमड़ पड़ा है. सैकड़ों पदयात्री मां विंध्यवासनी के दरबार में पहुंचने के लिए नगर से निकल रहे हैं. सुबह से लेकर रात तक सड़क पर सिर्फ पदयात्री नजर आ रहे हैं. पदयात्रियों के लिए नगर में समाजसेवी संगठन द्वारा शनि मंदिर के पास स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है. जिसमें चाय, फल, खिचड़ी, छाछ आदि का स्वल्पाहार कराया जा रहा है. पद यात्री नंगे पांव ही शक्ति की भक्ति में लीन माता के दरवार मे हाजरी लगाने पहुंच रहे हैं. बच्चे, बूढ़े, महिला, पुरुष सभी हाथ मे ध्वज पताकाएँ लिए हुए गाजे बाजे के साथ माता के जयकारे लगाते हुए पैदल चले जा रहे हैं.